Regarding widening of Master Plan Road in South Delhi Parliamentary Constituency.-laid

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(दक्षिण दिल्ली) :** दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के जौनापुर-मांडी से गुजरने वाली मास्टर प्लान रोड को चौड़ा न करने से हजारों लोगों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस रोड की चौड़ाई 30 फुट है और मास्टर प्लान 2021 में इसे 200 फुट चौड़ा करने का प्रावधान था लेकिन ऐसा नहीं किया गया । यह रोड महरौली-गुड़गांव रोड से होती हुई फरीदाबाद-गुड़गांव रोड को जोड़ती है । इस रोड पर यातायात का दबाव बहुत ही ज्यादा है । ट्रैफिक की इतनी भीड़ के कारण यहां कई हादसे हो चुके हैं । लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है । यहां तक कि ऐसी घटना भी हुई है कि एम्बुलेंस के जाम में फंसने के कारण मरीज की मौत हो गई ।